संसद सदस्यों ने पंडित मोतीलाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी।

- - -

नई दिल्ली; 6 मई, 2023: शिक्षा एवं विदेश राज्य मंत्री, डॉ. राजकुमार रंजन सिंह, संसद सदस्य, पूर्व संसद सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आज पंडित मोतीलाल नेहरु की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 30 मार्च 1957 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पंडित मोतीलाल नेहरू के चित्र का अनावरण किया था।